>

Title: Request to built Sholapur Haat in Sholapur like Delhi Haat in Delhi.

डॉ. जयसिद्देश्वर **शिवाचार्य स्वामीजी** (**शोलापुर**): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र महाराष्ट्र के शोलापुर जिले में अनेक सुप्रद्धि धार्मिक स्थल हैं । साथ ही साथ शोलापुर नगरी औद्योगिक नगरी कहलाती है । शोलापुर शहर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत विकसित हो रहा है । शोलापुर जिले में तैयार की गई अनेक वस्तुएं विदेशों में भेजी जाती हैं । जिस तरह से शोलापुर एक औद्योगिक नगरी है, उसी तरह से शोलापुर साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा कलाकारों एवं व्यंजनों का बहुत प्रसिद्ध केन्द्र है । शोलापुर से तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और कर्नाटक की सीमाएं लगी हुई हैं । इस कारण शोलापुर में इन राज्यों से आए हुए अनेक लोग बसे हुए हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूँ कि दिल्ली हाट की तरह शोलपुर शहर में शोलापुर हाट का निर्माण किया जाए, ताकि शोलापुर में देश भर से आने वाले पर्यटक, श्रद्धालु तथा व्यापारीगणों को शोलापुर के साथ-साथ तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में तैयार की गई वस्तुएं ति स्वादिष्ट विशेष व्यंजन एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध हो सकें ।

मैं माननीय पर्यटन मंत्री जी को आश्वस्त करता हूँ कि इस केंद्र के लिए लगने वाली जमीन उपलब्ध कराने में शोलापुर प्रशासन सकारात्मक रहेगा ।